BSES

अर्थ आवरः 28 मार्च, रात 8.30 से 9.30 बजे

स्वेच्छा से बंद रखें गैरजरूरी लाइट्स

नई दिल्लीः 26 मार्च, 2015। बीएसईएस ने अपने उपभोक्ताओं से अपील है कि वे आगामी 28 मार्च को पूरे जोश के साथ अर्थ आवर मनाएं, और रात 8.30 से 9.30 बजे के बीच स्वेच्छा से अपने घरों व दफ्तरों की गैरजरूरी लाइट्स बंद रखें। बीएसईएस खुद भी दिल्ली में 950 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले अपने सभी ऑफिसों में अर्थ आवर के दौरान गैर जरूरी लाइट्स को ऑफ रखेगी।

बीएसईएस ने, बिजली बिल के साथ भेजे गए न्यूज लेटर *सिनर्जी* के माध्यम से अपने सभी 35 लाख उपभोक्ताओं से अर्थ आवर मनाने का अनुरोध किया है। इसके अलावा, करीब 10 लाख उपभोक्ताओं को अर्थ आवर से संबंधित एसएमएस भी भेजे जा रहे हैं। ईमेल के माध्यम से भी अर्थ आवर का संदेश फैलाने की कोशिश की जा रही है।

950 वर्ग किलोमीटर में फैले अपने ऑफिसों में भी बीएसईएस ने अर्थ आवर से संधित पोस्टर आदि लगाए हैं, ताकि लोगों के बीच जागरूकता आए। कंपनी के अपने हजारों कंप्यूटर– डेस्कटॉप पर भी अर्थ आवर से संबंधित मैसेज डाले हैं।

गौरतलब है कि पिछले साल दिल्ली में अर्थ आवर के दौरान 250 मेगावॉट बिजली बचाई गई थी, जिसमें बीएसईएस के उपभोक्ताओं ने 175 मेगावॉट बिजली की बचत की थी।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक– अर्थ आवर, बेहतर जीवन की दिशा में उठाया गया कदम है। यह सिर्फ एक घंटे का मसला नहीं होना चाहिए, बल्कि हमें अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में इसे शामिल करना होगा। जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर धरती मां के प्रति भी हमारी कुछ जिम्मेदारी बनती है। अर्थ आवर जैसे छोटे–छोटे प्रयासों से हम बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।

बीएसईएस के अनुसार– अर्थ आवर ऐसे बदलावों की तरह है, जिन पर लोग आसानी से अमल कर सकते हैं। बात सिर्फ एक घंटे तक बिजली बंद रखने की नहीं है, बल्कि इससे कहीं आगे की सोच रखने का मामला है। हममें से हर किसी के पास बदलाव लाने की क्षमता है। हमें वह लक्ष्य पाने की दिशा में काम करना चाहिए, जिस दिन अर्थ आवर की जरूरत ही न पड़े।

अर्थ आवर, डबलूडब्लूएफ (वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर/ वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड) का सालाना कार्यक्रम है, जिसके तहत दुनियाभर के लोगों से अपील की जाती है कि वे जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए, अपने घरों, बिजनेस स्थलों पर गैरजरूरी लाइट्स और बिजली चालित उपकरणों को तय समय के दौरान बंद रखें। इस बार दिल्ली के अलावा, मुंबई, लॉस एंजेल्स, लंदन, हॉन्ग कॉन्ग, सिडनी, रोम मनीला, सिंगापुर और दुबई समेत 6000 शहरों में वहां के समय के अनुसार रात साढे आठ बजे से रात साढे नौ बजे तक अर्थ आवर मनाया जा रहा है।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनी बीआरपीएल और बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

....